# पंच गौरव कार्यक्रम बीकानेर जिले को दिलायेंगे नई पहचान : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में पंच गौरव कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए बीकानेर भुजिया उत्सव, मोठ महोत्सव, रोहिड़ा उत्सव और तीरंदाजी टैलेंट हंट जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में ये निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि पंच गौरव कार्यक्रम राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के तहत जिले में एक उत्पाद के रूप में बीकानेरी नमकीन, एक उपज के रूप में मोठ, एक वनस्पति के रूप में रोहिड़ा, एक खेल के रूप में तीरंदाजी तथा एक पर्यटन स्थल के रूप में करणी माता मंदिर का चयन किया गया है। यह पंच गौरव जिले को नई पहचान दिलाएं, इसे ध्यान रखते हुए जिले में सघन और सतत गतिविधियां आयोजित की जायेगी।




बीकानेर कलेक्टर निशान्त जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित किया।

जिला कलेक्टर ने बताया कि पंच गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की शुरूआत 20 से 29 अगस्त तक खेल विभाग की ओर से होने वाले जिला स्तरीय तीरंदाजी टैलेंट हंट के साथ होगी। इसके पहले दो दिन जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता होगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 7 दिनों तक प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर इसका समापन होगा। इस दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ जिले के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर तीरंदाजी रेंज बनाया जाना प्रस्तावित है। अंतरराष्ट्रीय नॉर्म्स के आधार पर तैयार होने वाली यह रेंज जिले के युवाओं को आगे बढ़ाने के बेहतर अवसर प्रदान करेगी। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही अविलम्ब करने के लिए उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा 21 और 22 अगस्त को मोठ महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसमें कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, काजरी समेत कृषि से जुड़े समस्त संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान किसानों को मोठ की विभिन्न किस्मों सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी और मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस दौरान मोठ से जुड़ी विभिन्न स्टॉल्स भी लगाई जायेगी। उन्होंने कृषि विभाग

- **पंच गौरव के तहत जिले में एक उत्पाद के रूप में बीकानेरी नमकीन, एक उपज के रूप में मोठ, एक वनस्पति के रूप में रोहिड़ा, एक खेल के रूप में तीरंदाजी तथा एक पर्यटन स्थल के रूप में करणी माता मंदिर का चयन किया गया है**

के संयुक्त निदेशक को इस संबंध में समस्त तैयारी अविलम्ब करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बीकानेरी भुजिया उत्सव भी बड़े स्तर पर मनाया जाना प्रस्तावित है। यह आयोजन बीकानेरी भुजिया निर्माताओं और व्यापारियों के सहयोग से किया जायेगा। इस दौरान बीकानेरी भुजिया बनाने, पैकेजिंग और विपणन का प्रायोगिक प्रदर्शन और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

## श्रीगंगानगर में बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंजाब बॉर्डर के नजदीक धींगतानिया पुल पर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 5 बदमाश भागते हुए पुल से नीचे गिर गए। घायल बदमाशों को सादुलशहर के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से उन्हें श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 पिस्टल, एक दर्जन कारतूस और एक कार भी बरामद की है। एसपी हरिशंकर के निर्देश पर एएसपी दीपक शर्मा के सुपरविजन मे एजीटीएफ प्रभारी रामविलास बिश्नोई, डीटीएस प्रभारी जयकुमार भादू और सीआई मलकीयत सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए बदमाश खेरूवाला और छापावाली में हाल ही में हुई फायरिंग की घटना के आरोपी हैं। ये बदमाश हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे गंभीर मामलों में वांटेड थे। पुलिस का कहना है कि ये बदमाश अब फिर से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने इन्हें पहले ही पकड़ लिया। जिला पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी है। घायल बदमाशों को इलाज के लिए श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया है। एसपी हरिशंकर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

## सार-समाचार

### श्री जैन पी.जी. कॉलेज परिसर में नीम के पौधे लगाए




'आओ फिर से कॉलेज चलें' अभियान के अंतर्गत श्री जैन पी.जी. कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन पी.जी. महाविद्यालय बीकानेर के 72वें स्थापना वर्ष तथा जैन कॉलेज बैचमेट्स 1992-95 के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में 'आओ फिर से कॉलेज चलें' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में नीम के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान में पूर्व विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। लगाये गए सभी पौधों को पूर्व विद्यार्थियों एवं सहयोगकर्ताओं द्वारा गोद लिया गया तथा उनके संरक्षण, संवर्धन एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। इस पहल के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में श्री जैन पी.जी. महाविद्यालय 1992-95 बैचमेट्स के समन्वयक सीए विनोद कुमार पारख, श्री जैन पाठशाला सभा के सचिव मानकचंद कोचर, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के सचिव एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र संजय जैन (सांड), अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बीकानेर के अध्यक्ष विनोद बाफना, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विजय बाफना तथा श्री जैन पी.जी. महाविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य किशोर कुमार बांठिया सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ, जैन कॉलेज बैचमेट्स 1992-95 के सदस्य एवं विभिन्न वर्षों के अनेक पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### देसलसर में बेटों ने संपत्ति के लिए पिता से की मारपीट

**नोखा,** (कासं)। संपत्ति और रूपयों के विवाद में पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने अपने तीन बेटों पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमले के आरोप लगाये हैं। आरोप है कि बेटों ने उसकी जेब में रखी नकदी भी लूट ली। देसलसर निवासी श्रवणसिंह राजपुरोहित ने अपने तीन बेटों रामसिंह, विजयसिंह और पिंटू सिंह के खिलाफ नोखा थाने में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। ये घटना 6 जुलाई 2026 की रात को हुई। श्रवणसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 10:30 बजे वे अपने घर में चौकी पर सो रहे थे, तभी उनके सिर में चोट लगी। जागने पर उन्होंने देखा कि उनके बेटे रामसिंह के हाथ में कुल्हाड़ी, विजयसिंह के पास लाठी और पिंटू सिंह मौजूद थे। बेटों ने उनसे घर और अन्य संपत्ति अपने नाम करने तथा तीन लाख रूपये नकद देने की मांग की। जब श्रवणसिंह ने पैसे देने से इनकार किया तो रामसिंह ने कुल्हाड़ी से उनके सिर पर वार करने की कोशिश की। विजयसिंह ने लाठी से उनके हाथ-पैरों पर मारा और पिंटू सिंह ने लातों से पीटा। मारपीट के दौरान जेब से 35,000 रूपए नकद निकाल लिए और मोबाइल छीन लिया। इसी बीच श्रवणसिंह का दूसरा बेटा राजेन्द्र सिंह वहां आ गया और उसने अपने भाईयों को रोकने की कोशिश की। रामसिंह, पिंटू और विजयसिंह ने राजेन्द्र सिंह के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हनुमानगढ़ एसपी बी. आदित्य ने पदभार संभाला

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने शनिवार को पदभार संभालते ही साफ कर दिया कि जिले में अपराधियों, गैंगस्टरों और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पहली अपराध समीक्षा बैठक में उन्होंने कानून व्यवस्था मजबूत करने, लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन को पारदर्शी व जवाबदेह पुलिसिंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलायेगी। कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने एसपी बी. आदित्य को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अरविंद बिश्नोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नोहर) गीता चौधरी, सीओ सिटी मीनाक्षी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद एसपी ने कार्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने क्राइम ब्रांच, परिवाद शाखा, डीएसबी, फोर्स शाखा, सीसीटीएनएस, साइबर सेल और अभय कमांड सेंटर का दौरा कर प्रत्येक शाखा की कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों से लंबित मामलों, दैनिक कार्यों और व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन से जुड़े मामलों का त्वरित, पारदर्शी और जिम्मेदारी के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### झूलेलाल मंदिर में 'लाल जा पंजड़ा' का आयोजन

**बीकानेर,** (कासं)। अमर लाल मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में रथखाना कॉलोनी और पवनपुरी के मंदिरों में चल रहे चालिया महोत्सव के दूसरे दिन रथखाना कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में 'लाल जा पंजड़ा' कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन ट्रस्ट की महिला विंग ने किया। ट्रस्ट अध्यक्ष सतीश रिझवानी ने बताया कि कार्यक्रम परंपरागत सिंधी लोक भजनों और लोकगीतों पर आधारित रहा।

# लड़की के रिश्ते को लेकर हुए हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। 16 जुलाई को दोपहर 1:20 बजे एक लड़की के रिश्ते को लेकर हुई कहासुनी में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। मामला छतरगढ़ के खारवाली में सुरजनवाली गांव का है।

इस सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपी रहमत अली और सिकंदर ख़ान निवासी सुरजनवाली, छतरगढ़ को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक मृतकों के रिश्तेदार है। दोनों को कोर्ट में पेश किया जायेगा। साथ ही दो ओर आरोपी अकरम और नब्बू को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस ने इस मामले में 8 लोगों को हिरासत में लिया था।

शुरूआती पूछताछ और जांच के बाद दो को गिरफ्तार कर लिया, शेष की तलाश की जा रही है। इस वारदात में खारवाली निवासी जिंदू खान (55) पुत्र याकूब खान और उसके बेटे करीम खान (25) और साले सुरजनवाली

- **छतरगढ़ के सुरजनवाली गांव में लड़की के रिश्ते को लेकर हुई कहासुनी में धारदार हथियार से तीन लोगों की हत्या कर दी थी**

निवासी अलीशेर (60) पुत्र अब्दे खान की हत्या की गई है। इस वारदात में खारवाली निवासी जिंदू खान (55) पुत्र याकूब खान और उसके बेटे करीम खान (25) और साले सुरजनवाली निवासी अलीशेर (60) पुत्र अब्दे खान की हत्या की गई है।

घटना के बाद थाना अधिकारी नवनीत सिंह और खाजूवाला वृत्ताधिकारी आकांक्षा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़ित पक्ष की ओर से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने रहमत अली और सिकंदर खान को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनवारी लाल मीणा ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने जांच अधिकारियों को निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देते हुए मामले के हर पहलू की गहन जांच करने को कहा। 16 जुलाई को हुई इस वारदात में खारवाली निवासी जिंदू खान (55) पुत्र याकूब खान और उसके बेटे करीम खान (25) और साले सुरजनवाली निवासी अलीशेर (60) पुत्र अब्दे खान की हत्या कर दी थी। हमले में नब्बू (35) घायल हुआ है। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक और तनाव का माहौल बना हुआ है।

पुलिस का कहना है कि हत्याकांड के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस जघन्य वारदात में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा।

## करणी माता मंदिर में सावन-भादवा महाप्रसाद की तैयारी शुरू

**देशनोक,** (कासं)। विश्व प्रसिद्ध श्री करणी माता मंदिर में सावन-भादवा महाप्रसाद की तैयारियां पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शुरू हो गई है। इस बार विशेष रूप से हलुए का भोग लगाया जायेगा। महाप्रसाद बनाने का कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया है, जिसके रविवार शाम तक पूर्ण होने की संभावना है।

बड़ी संख्या में सेवादार और श्रद्धालु भक्ति भाव से महाप्रसाद निर्माण में जुटे हुए हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था और सेवा का प्रतीक है, जिसमें सभी मिलकर योगदान दे रहे हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। शाम ढलते ही मंदिर की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बन रही है। सावन-भादवा महोत्सव के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का देशनोक पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इस पावन आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। सुबह से ही मां करणी के दरबार में भक्तों की भीड़ लगी है।

# आपसी रंजिश में चाकूबाजी में युवक घायल

**बीकानेर,** (कासं)। आपसी रंजिश में पुलिस लाइन चौराहे के पास एक युवक को रोककर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहां तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने वारदात के बाद भाग रहे एक नाबालिग को पकड़ लिया। जबकि उसका साथी बाइक लेकर फरार हो गया। फड़बाजार निवासी दो पक्षों के लोगों में आपसी रंजिश चल रही है।

एक पक्ष का असलम पठान और इरफान स्कूटी पर सवार होकर फड़बाजार से पुलिस लाइन चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान दूसरे पक्ष के सोहेल उर्फ भूरिया और उसका नाबालिग साथी ने पीछा करके असलम को रोक लिया। उस पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसके पेट और कंधे पर चोटें आई। वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक लेकर भागने लगे। इस दौरान वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल जितेन्द्र ने पीछा कर नाबालिग युवक को पकड़ लिया और सदर थाना पुलिस को सौंप दिया।

वारदात के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। चाकूबाजी में घायल असलम को

- **ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल जितेन्द्र ने पीछा कर बाइक से भागते हुए आरोपी नाबालिग युवक को पकड़कर सदर थाना पुलिस के हवाले कर दिया**

पीबीएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इत्तला मिलने पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पता चला है कि आरोपियों ने बदला लेने के लिए असलम का फड़बाजार से पीछा किया और पुलिस लाइन चौराहे के पास पहुंचने पर उसे रोककर चाकू मारे। पूर्व में असलम ने सोहेल से मारपीट की थी। सदर पुलिस थाने के एसएचओ सुरेन्द्र पचार ने बताया कि मौके से फरार हुए सोहेल की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। आपसी रंजिश के कारण वारदात को अंजाम दिया गया है।

# भोज में एक ही परिवार के 12 लोग बीमार

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीरामसर स्थित राधाकिशन कॉलोनी में सामूहिक भोज के बाद एक ही परिवार से जुड़े 12 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भर्ती मरीजों में मोनिका, राजू देवी, मुकेश, आरती, गुड्डु, बद्रीराम, मनीषा, नीलम, लक्ष्मणराम, बाबूलाल, देबूराम और भोजराज शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही डिप्टी सीएमएचओ डॉ. लोकेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और मरीजों व उनके परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सभी लोग दो दिन पहले एक पारिवारिक कार्यक्रम में आयोजित भोज में शामिल हुए थे।

भोजन के बाद धीरे-धीरे उनकी तबीयत खराब होने लगी और शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉ.

- **सामूहिक भोज में 12 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया**

गुप्ता ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य शाखा की टीम ने संबंधित घर और क्षेत्र से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए हैं। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर है और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। चिकित्सकों की निगरानी में सभी का उपचार जारी है।

## गैस पाइपलाइन कार्य से सड़क के गड्ढों से परेशान

**बीकानेर,** (कासं)। समता नगर में घरेलू गैस पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कों के क्षतिग्रस्त होने, खुले गड्ढों और अधूरे कनेक्शनों को लेकर स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

समता नगर विकास एवं प्रबंधन समिति की ओर से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बताया कि क्षेत्र में गैस पाइपलाइन का काम चल रहा है। कई जगह सड़कें खोदने के बाद गड्ढे तकनीकी मानकों के अनुसार नहीं भरे गए, जिससे धंसान और बड़े गड्ढे बन गए हैं। हाल की बारिश के बाद पानी भरने से गड्ढे दिख नहीं रहे और दुपहिया चालक, बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। साथ ही कई घरों में पाइपलाइन डालने के बावजूद कनेक्शन पूरे नहीं हुए और कई परिवार अब भी सुविधा से वंचित हैं।

# गंगानगर में सोनम वांगचुक के समर्थन में माकपा का कैंडल मार्च

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आमरण अनशन पर करने वाले प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार सवेरे पुलिस ने जबरदस्ती उठाकर अस्पताल में भर्ती करवा दिया। उनके समर्थन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने श्रीगंगानगर में गत रात को एक प्रभावशाली कैंडल मार्च का आयोजन किया।

माकपा के जिला सचिव कॉमरेड वकीलसिंह और कॉमरेड मोहनलाल के नेतृत्व में निकाला गया यह कैंडल मार्च पंचायती धर्मशाला से रवाना होकर गोल बाजार के गांधी चौक पहुंचा। यहां पहुंचते ही मार्च आमसभा में बदल गया। आमसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के कॉमरेड वकील सिंह ने केंद्र और राज्यों में भाजपा सरकार

- **कैंडल मार्च पंचायती धर्मशाला से रवाना होकर गोल बाजार के गांधी चौक पहुंचा, यहां पहुंचते ही मार्च आमसभा में बदल गया**

की शिक्षा नीतियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ये नीतियां शिक्षा को बर्बाद कर रही हैं और बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हितों को साधने वाली हैं। वकील सिंह ने सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति पूरी एकजुटता व्यक्त की और कहा कि उनका अनशन शिक्षा, पर्यावरण तथा जनहित के मुद्दों को लेकर है। पार्टी उनके इस न्यायपूर्ण संघर्ष के साथ पूरी तरह खड़ी है।

प्रदर्शन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महिला और पुरूष कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल हुए। मोमबत्तियों की रोशनी में निकला यह मार्च सोनम वांगचुक के आंदोलन को मजबूती देने और स्थानीय स्तर पर जनजागरण फैलाने का प्रयास था। सोनम वांगचुक लद्दाख के विभिन्न मुद्दों खासकर शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लम्बे समय से संघर्ष कर रहे हैं।

उनके समर्थन में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन जारी हैं। उनको आज सुबह दिल्ली में पुलिस द्वारा जबरन अस्पताल में भर्ती करवाए जाने को माकपा ने दमनकारी नीति बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

# डूंगर कॉलेज में राजस्थान फिनिशिंग स्कूल की आईसीटी लैब का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय में राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार की संयुक्त पहल राजस्थान फिनिशिंग स्कूल के अंतर्गत आईसीटी लैब का शुभारंभ शनिवार को बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने किया। इस अवसर पर विधायक व्यास ने रेडियेशन बायोलॉजी सोसायटी की आधिकारिक वेबसाइट का भी लोकार्पण किया।

सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. आर. के. पुरोहित हैं। विधायक ने वेबसाइट के माध्यम से सोसायटी की विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का अवलोकन करते हुए इसकी सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. पुरोहित ने बताया कि इस दौरान रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगार क्षमता को बढ़ाने



बीकानेर के डूंगर कॉलेज में राजस्थान फिनिशिंग स्कूल की आईसीटी लैब का शुभारंभ विधायक जेठानंद व्यास ने किया।

के उद्देश्य से चार रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए। इन पाठ्यक्रमों का संचालन मोज़ैक कंपनी के माध्यम से किया जायेगा। सभी पाठ्यक्रम सरकार से मान्यता प्राप्त हैं तथा न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराये जायेंगे। पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले लगभग 70 प्रतिशत विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानंद व्यास ने महाविद्यालय की आईसीटी लैब को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कंप्यूटर क्रय हेतु 5 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ना बेहद आवश्यक है। राजस्थान फिनिशिंग स्कूल जैसी पहल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक कौशल और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. पुरोहित ने कहा कि फिनिशिंग स्कूल विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वे प्रतिस्पर्धी दौर में अधिक सक्षम बन सकेंगे।मोज़ैक कंपनी के प्रतिनिधि श्री संजय गौड़ ने राजस्थान फिनिशिंग स्कूल की अवधारणा, संचालित किए जाने वाले चारों पाठ्यक्रमों तथा उनसे मिलने वाले रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्याथिर्यों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आ ान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाज के अनुसार शॉल, साफा एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया।समारोह ने कौशल आधारित उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण तथा उद्योग जगत के साथ समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का संदेश दिया।

## नए कुलपति की नियुक्ति के लिए कमेटी गठित

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) में नए नियमित कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति सचिवालय ने इसके लिए चार सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन किया है।

इसी बीच मौजूदा कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित के कार्यकाल के अंतिम दिनों में 28 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह और शनिवार को होने वाली बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रो. मनोज दीक्षित का कार्यकाल 7 अगस्त को समाप्त हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन 28 जुलाई को दीक्षांत समारोह आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। लेकिन अब तक इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। नियमों के अनुसार दीक्षांत समारोह से पहले विद्यार्थियों को निर्धारित समय पूर्व सूचना देना आवश्यक होता है।

# हर माह निरीक्षण के आदेश पर भड़के निजी स्कूल संचालक

**नोखा,** (कासं)। राज शाला संबलन मोबाइल ऐप के जरिए निजी स्कूलों के अनिवार्य मासिक निरीक्षण के शिक्षा विभाग के निर्देशों का विरोध तेज हो गया है। नोखा क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों ने 20 जुलाई को शिक्षा निदेशालय बीकानेर में होने वाले प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में शामिल होने का ऐलान किया है।

निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि नई निरीक्षण व्यवस्था निजी स्कूलों की स्वायत्तता के खिलाफ है और इससे अनावश्यक दबाव व उत्पीड़न की आशंका है। स्कूल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन सेवा राजस्थान की बैठक रविवार को चाचा नेहरू पार्क में ओमप्रकाश महिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नोखा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निजी स्कूल संचालकों ने प्रदेशव्यापी

- **20 जुलाई को बीकानेर में जुटेंगे निजी स्कूल संचालक**

आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए एकजुट रहने का संकल्प लिया। बैठक में संचालकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा 2 जुलाई को जारी आदेश का विरोध किया।

उनका कहना था कि राज शाला संबलन ऐप के माध्यम से निजी स्कूलों का हर माह अनिवार्य निरीक्षण कराना व्यावहारिक नहीं है।

संचालकों के अनुसार यह व्यवस्था भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने, अधिकारियों पर लक्ष्य आधारित दबाव बनाने और विद्यालयों के उत्पीड़न का कारण बन सकती है।